हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
जिला भाजपा युवा मोर्चा का संगठन विस्तार



**खबर संक्षेप**

### कुनकुरी में जल संरक्षण संवर्धन के प्रयास शुरू



**जशपुरनगर।** जल संरक्षण और संवर्धन बढ़ावा देने के लिए जल संचय जन भागीदारी के तहत जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायत घाट मुंडा में सरपंच निशा केरकेट्टा के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने जल संचय का शपथ लेते हुए श्रमदान से नाला में बोरी बंधान कार्य किया गया, साथ ही रेन हार्वेस्टिंग का भी निर्माण किया जा रहा है। निशा ने बताया कि, ग्राम पंचायत में 50 5% मॉडल के तहत निर्माण कराया जाएगा और हैंडपंप में जहां स्वच्छता गड्ढा पूर्व से बना है, उसकी मरम्मत किया जाएगी। नवीन सोख्ता गड्ढा भी बनाया जाएगा, इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पैकू निवासी स्व. संजय कुमार का कुआं के पानी में डूबने से 27 नवम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके भाई संजीव कुमार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम खजांचीटोली, जशपुरनगर निवासी स्व. आयान मनियार का नदी के पानी में डूबने से 11 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता मंजू मनियार हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आवासीय खेल अकादमी रायपुर हेतु चयन ट्रायल 28 से

**जशपुरनगर।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, खेल भवन जी.ई.रोड रायपुर के निर्देशानुसार रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी हॉकी बालक और बालिका, तीरंदाजी बालक और बालिका, फुटबॉल बालिका, वेटलिफ्टिंग बालक और बालिका एवं एथेलेटिक्स बालक और बालिका) का खेल अकादमी में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश हेतु खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग का आयोजन कोटा एवं तीरंदाजी एरिना बालिका छात्रावास के सामने रायपुर में 28 से 29 अप्रैल तक चयन ट्रायल होगा। इसके साथ ही 28 अप्रैल को पंजीयन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा 29 अप्रैल 2026 को कौशल दक्षता परीक्षण होगा।

## चार आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

# ओडिशा से ला रहे थे 76 किलो गांजा, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तुमला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 76 किलो 940 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो कारें, चार मोबाइल फोन समेत कुल 49 लाख 17 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल की रात थाना तुमला को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा राज्य से दो कारों में गांजा छुपाकर कुछ लोग लावाकेरा-सराईटोली मार्ग से जशपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और थाना तुमला, चौकी कोल्हेंझरिया तथा चौकी कोतबा की संयुक्त टीम ने मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर वाहन जांच शुरू कर दी।कुछ देर बाद एक बिना नंबर की सफेद मारुति ब्रेजा और दूसरी काले रंग की मारुति एक्सएल 6 क्रमांक सीजी-14-एम डब्लू-3300 वहां पहुंची। पुलिस ने दोनों वाहनों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ब्रेजा वाहन की डिक्की और सीट के बीच रखी चार बोरियों से 73 पैकेट गांजा बरामद हुआ। सभी पैकेट भूरे रंग की सेलो टेप से लिपटे हुए थे। तौल कराने पर



कुल वजन 76 किलो 940 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांजा ओडिशा राज्य से लेकर आ रहे थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि खेप कहां पहुंचाई जानी थी और इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। चारों आरोपियों के खिलाफ थाना तुमला में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। तीन वयस्क आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है, जबकि बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा जाएगा।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में युगल यादव उम्र 21वर्ष, निवासी ग्राम कछार, थाना पत्थलगांव,मोहित कुमार यादव उम्र 26 वर्ष, निवासी हल्दी झरिया, थाना बागबहार,दीपक यादव उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कछार, थाना पत्थलगांव एवं एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

### 49 लाख की हुई जब्ती

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा, दो कारें और चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त गांजे की कीमत करीब 38 लाख रुपए, दोनों वाहनों की कीमत 11 लाख रुपए और मोबाइल फोन की कीमत 17 हजार रुपए आंकी गई है। कुल जब्ती 49 लाख 17 हजार रुपए की बताई गई है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

जिले में नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का मुखबिर तंत्र सक्रिय है और ऐसे तत्वों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

-डॉ. लाल उमेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत निकली बाइक रैली



**जशपुरनगर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पत्थलगांव शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। सैकड़ों महिला-पुरुष हेलमेट पहनकर शहर के तीनों प्रमुख मार्गों पर बाइक रैली निकालते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डीआईजी जशपुर एसपी लाल उम्मेद सिंह, डीएसपी ट्रैफिक केआर चौहान, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, एसडीएम रितु राज सिंह बिसेन, तहसीलदार श्रीमती जयश्री राजन, तहसीलदार भीष्म पटेल, जनपद सीईओ हरजीत सिंह भाटिया, एसडीओपी डॉ. ध्रुवेश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर

- एसएसपी ने की हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की अपील

## सेंट जेवियर स्कूल में पौधों को धूप से बचाने किए जा रहे जतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

धूप और गर्मी से न केवल लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं, बल्कि पेड़ पौधे भी झुलस रहे हैं। जंगलों को दावानल अपने कब्जे में ले रहा है। ऐसे में छोटे छोटे पौधों को बढ़ती धूप से बचाने सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल बंदियाखार में लगातार प्रयास किया जा रहा है।

स्कूल स्कूल के गमलों में लगाए गए हरे भरे पौधों को राहत देने उनके ऊपर हरे रंग के पतले जालीदार कपड़े को लगाया गया है, जिससे धूप पौधों तक न पहुंच पाए और सैकड़ों पौधे धूप में भी पूरी तरह सुरक्षित रहें। स्कूल के फादर सुनील खलखो और फादर सिलास टोप्पो ने मेहनत से विविध प्रकार के पौधों को अपने स्कूल में गमलों में लगाया है। ये वे पौधे है जिन्हें अन्य जिलों अन्य प्रदेशों से मंगा कर लगाया गया है। आज वही पौधे स्कूल की सुंदरता को



चार चांद लगा रहे हैं। चारों तरफ सजा कर रखे गए गमलों में पौधों को देखते बनता है। स्कूल के प्रिंसिपल सुनील खलखो ने बताया कि इन पौधों को लगाने से लेकर उनके देखभाल में काफी मेहनत करते रहे हैं। जब हमें लगा कि बहुत ज्यादा धूप हो चुकी है। तो हमने उन पौधों के ऊपर जाली लगाया जिससे वे पौधे पूरी तरह सुरक्षित रह सकें।

## नपं की टीम ने अवैध होर्डिंग्स को किया जब्त

**जशपुरनगर।** नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक 7 स्थित मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करते हुए अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगाए गए इन होर्डिंग्स को जब्त कर लिया।

वार्ड क्रमांक 7 के मुख्य मार्ग पर सुबह अचानक बिजली ट्रांसफार्मर के पास होर्डिंग बोर्ड दिखा। वार्ड के लोगों ने बताया कि, उक्त स्थल दुर्घटनाजन्य क्षेत्र होने के साथ होर्डिंग्स के लिए उपयुक्त नहीं है। बताया जा रहा है कि, इन्हें देर रात चोरी-छिपे लगाया गया था। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थल पर लगाए गए इन विज्ञापन बोर्ड की शिकायत मिलते ही नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी क्षितिज सिंह एवं उप अभियंता मुकेश दुबे के निर्देश पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि, बोर्ड लगाने के लिए उक्त स्थल पर न तो कोई अनुमति ली गई थी और न ही किसी प्रकार का शुल्क जमा किया गया था।



इसके बाद टीम ने स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर होर्डिंग्स को हटाते हुए जब्त कर लिया।

### बिना अनुमति होर्डिंग्स लगाना गैर कानूनी

सीएमओ क्षितिज कुमार सिंह ने बताया कि, नगरीय क्षेत्र में बिना अनुमति होर्डिंग लगाना गैरकानूनी है। मुख्य मार्गों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में ऐसे बोर्ड की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि, भविष्य में बिना अनुमति होर्डिंग या बैनर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी, 9 आपरेटरों के आईडी के होंगे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई केवाईसी प्रक्रिया में अनाधिकृत शुल्क वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के राज्य प्रमुख सहित जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए दोषी ऑपरेटर्स के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

- ई केवाईसी के नाम पर वसूली, कलेक्टर ने की कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार ई केवाईसी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है, लेकिन जिले में प्राप्त शिकायतों और साक्ष्यों से यह सामने आया है कि कुछ सीएससी ऑपरेटर्स हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूल रहे हैं। यह न केवल शासन के निर्देशों का उल्लंघन है, बल्कि जनकल्याणकारी योजना के प्रति आमजन में भ्रम उत्पन्न करने वाला गंभीर कृत्य है। कलेक्टर ने इस कृत्य में लिप्त पाए जाने वाले 9 सीएससी ऑपरेटर्स के विरुद्ध राज्य प्रमुख से कार्रवाई की अनुशंसा की है। इनमें विनोद राम ग्राम पंचायत बघिमा, श्यामल कुमार विश्वकर्मा ग्राम पंचायत लोदम, पंचराम गुप्ता ग्राम पंचायत कद्रो, कामेश्वर प्रसाद ग्राम पंचायत पंडरीपानी, अजर कुमार गुप्ता ग्राम पंचायत कुडकेलखजरी, रमेश्वर नायक ग्राम पंचायत कोहपानी, शिवनारायण यादव ग्राम पंचायत लरंगा, कुसुम प्रभा सिंह ग्राम पंचायत सेमरकछार एवं अरमान खान ग्राम पंचायत गोरिया शामिल है। इन सभी के विरुद्ध यूजर आईडी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की गई है।

### सभी सीएससी ऑपरेटर्स को कड़ी चेतावनी

कलेक्टर ने जिले के सभी सीएससी ऑपरेटर्स को स्पष्ट चेतावनी दी है कि ई केवाईसी के नाम पर किसी भी प्रकार की राशि वसूली पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई ऑपरेटर इस प्रकार की गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसका केंद्र तत्काल बंद कर दिया जाएगा, यूजर आईडी स्थायी रूप से निलंबित की जाएगी तथा भविष्य में किसी भी डिजिटल सेवा संचालन के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।

### एसडीएम को जांच और औचक निरीक्षण के निर्देश

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देशित किया है कि वे संबंधित सीएससी केंद्रों की तत्काल जांच करें। ई केवाईसी शिविरों का औचक निरीक्षण करें तथा हितग्राहियों के लिखित बयान लें। दोषी पाए जाने पर संबंधित केंद्र को सील कर उपकरण जब्त करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### पारदर्शिता और जनविश्वास बनाए रखने पर जोर

कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि महतारी वंदन योजना आमजन के हित में संचालित महत्वपूर्ण योजना है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाते हुए हितग्राहियों को निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह कार्रवाई जिले में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और जनकल्याणकारी योजनाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने की दिशा में एक सशक्त कदम है।




### मनोरंजन से लेकर स्वास्थ्य जांच तक एक ही छत के नीचे सुविधा

## सियान गुड़ी बना वरिष्ठ नागरिकों के लिए संपूर्ण सेवा केंद्र

**जशपुरनगर।** जशपुर के भागलपुर रोड स्थित डे-केयर सेंटर सियान गुड़ी वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। जहां उन्हें एक ही छत के नीचे विविध सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस केंद्र का शुभारंभ 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया था, जिसके बाद से यहां लगातार वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता बढ़ रही है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उद्घाटित डे-केयर सेंटर में प्रतिदिन हो रही गतिविधियां

सियान गुड़ी में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन, पुस्तकालय, स्वल्पाहार, स्वास्थ्य जांच एवं फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां आने वाले बुजुर्गों को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है,



बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी सक्रिय रहने का अवसर प्राप्त हो रहा है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि 23 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्थान की दीदियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन कराया गया। जिससे उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई। इसके साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों की फिजियोथैरेपी कराई गई और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को भोजन कराकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सक्रिय और स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। यहां पुस्तकालय की सुविधा के माध्यम से ज्ञानवर्धन का अवसर भी उपलब्ध है, वहीं नियमित स्वास्थ्य जांच और फिजियोथैरेपी से बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सियान गुड़ी में पंजीयन कराकर इन सुविधाओं का लाभ उठाएं। पंजीयन के लिए प्रभाकर द्विवेदी मो. एवं अनूप सिंह से संपर्क किया जा सकता है। सियान गुड़ी वरिष्ठ नागरिकों के लिए न केवल एक डे-केयर सेंटर है, बल्कि यह उनके लिए सामाजिक जुड़ाव, स्वास्थ्य संवर्धन और मानसिक संतुलन का एक सशक्त मंच बनकर उभर रहा है।

## खबर संक्षेप

### जेईई मेंस परीक्षा में डीएवी स्कूल के चार विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के वरिष्ठ विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 की कक्षा बारहवीं, गणित संकाय सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित प्रतिभाशाली विद्यार्थी साक्षी जायसवाल 94 पर्सेंटाइल,रूद्र प्रताप सिंह 85 पर्सेंटाइल तथा सत्र 2024-25 की कक्षा बारहवीं गणित संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी श्रेयश सिंह 98.6 पर्सेंटाइल व श्रेयांश कुमार ने 84 पर्सेंटाइल के साथ जेईई मेंस परीक्षा 2026 में शानदार सफलता अर्जित कर जेईई एडवांस परीक्षा 2026 के लिए पात्रता हासिल कर ली है,इन विद्यार्थियों ने अटूट लगन, दृढ़ - इच्छाशक्ति एवं कठोर परिश्रम करते हुए उपर्युक्त परीक्षा में बेहतरीन कामयाबी हासिल कर अपने माता-पिता एवं डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। स्कुल की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने उक्त परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम,लगन और सही दिशा में सार्थक प्रयास से किसी भी बड़े लक्ष्य को साधा जा सकता है।

### पेंशनर्स को 3 फीसदी लंबित मंहगाई राहत एरियर्स भुगतान के आदेश जारी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने वर्ष 2021 में उच्च न्यायालय में छठवें वेतनमान का 32 माह एवं सातवें वेतन मान का 27 माह के लंबित एरियर्स भुगतान के लिए वाद दायर किया था। न्यायालय ने पेंशनर्स के पक्ष में निर्णय देते हुए 120 दिनों में लंबित एरियर्स का भुगतान करने का आदेश दिया है। जिससे दोनों प्रांतों के पेंशनर्स पक्ष में बड़ा फैसला आया है। हाल में ही एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद सरकार ने पेंशनर्स के 3 फीसदी लंबित मंहगाई राहत के आदेश जारी किया है जिससे प्रदेश के दो लाख पेंशनर्स लाभान्वित हुए हैं।

### एसएसपी ने दिवंगत आरक्षक के पुत्र को दी आरक्षक के पद अनुकम्पा नियुक्ति



**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिवंगत आरक्षक के पुत्र नितेश मिंज को गुरूवार को आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया है। उन्होंने बताया नितेश मिंज के पिता गणेश मिंज आरक्षक के पद पर सूरजपुर में पदस्थ थे। नौकरी के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर आईजी दीपक कुमार झा ने अनुकंपा नियुक्त के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनुकंपा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई जल्द पूरी करते हुए नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। गुरूवार को नितेश मिंज को आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है।

### 5 मवेशी भरे बोलेरो को ग्रामीणों ने पकड़ा, वाहन छोड़ फरार हुए सवार

सेदम। जिले में गौ तस्करी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौ तस्कर प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर बुलेरो में पशुओं को ठूस ठूस कर बूचड़ खाना ले जाया जा रहा है। गत दिन भी भूचड़खाना ले जा रहे मवेशी भरे वाहन को पकड़ा। हालांकि मवेशी तस्कर वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। बतौली थाना क्षेत्र में लगातार गौ तस्करों के वाहन खराब होने पर गोवंश की तस्करी का मामला उजागर हुआ है। अब तक 2 पिकअप ,1 स्कॉर्पियो सहित अब बोलेरो वाहन पशुओं से भरे हुए ग्रामीणों को मिला है जहां पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ाते तस्कर बड़ी बेरहमी से 3 बैल ,1 गर्भवती गाय सहित बछड़े को बुलेरो में भरा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 देवरी के पास सड़क किनारे पाया गया जहां तस्कर ग्रामीणों को चकमा देकर मौके से फरार हो गए । बजरंग दल के विजय यादव, मोनू तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचे और ग्रामीण की सहयोग से बोलेरो वाहन से गोवंश को आजाद कराया। बैल की स्थिति देख तत्काल उपचार कराया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस द्वारा फरार गौ तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

## केतका सर्किल में तीन दिनों से धधक रहीं आग

# सूरजपुर के जंगल में भीषण आग वन संपदा और वन्य जीवन संकट



जंगील झाड़ियों में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

भीषण गर्मी ने जहां अब अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है वहीं अब आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। ऐसे में पृथ्वी के जीवन चक्र का अहम आधार जंगल न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि वन्य जीवों का आश्रय, जलवायु नियंत्रण का साधन और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्त्रोत भी हैं। ऐसे में जंगलों में लगने वाली आग न सिर्फ पेड़-पौधों को ही नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा नुकसान पहुंचाती है। वन परिक्षेत्र केतका सर्किल जंगल में लगी आग अब वन कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई। तीन दिन बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

**खास बात**

- जंगल के बड़े हिस्से में पाया गया काबू

सूरजपुर वन परिक्षेत्र के केतका सर्किल अंतर्गत सूरजपुर मार्ग स्थित परसा नाला के आसपास का जंगल इन दिनों भीषण आग की चपेट में है। पिछले तीन दिनों से लगातार धधक रही आग ने जंगल के बड़े हिस्से को अपनी लपटों में ले लिया है। आग के कारण क्षेत्र में खड़े पेड़-पौधे तेजी से जल रहे हैं, वहीं यहां रहने वाले वन्य जीवों की जान पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आग का फैलाव लगातार बढ़ता जा रहा है और दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा जा सकता है। हालांकि वन विभाग के फील्ड कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है। आग पर नियंत्रण पाने में सबसे बड़ी बाधा जंगल में मौजूद सूखी वनस्पति और झाड़ियां बन रही हैं, जो आग को तेजी से फैलने में मदद कर रही हैं। बताया जा रहा है कि जंगल में बड़ी मात्रा में सूखे पौधे और कांटेदार झाड़ियां मौजूद हैं, जिससे आग बुझाने में कठिनाई हो रही है। विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन आग की तीव्रता कम होने के कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। कर्मचारी आग पर जल्द काबू पाने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने की कोशिश में है जिससे जंगल में लगी आग पर काबू पाया जा सके।

### कुंवरपुर के पहाड़ी जंगल में भीषण आग, इलाके में मचा हड़कंप

लखनपुर। लखनपुर क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत कुंवरपुर के कर्मपाट पहाड़ में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पहाड़ी क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। सूखी पत्तियों, घास और झाड़ियों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैल रही है। ऐसे में आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग की ऊंची लपटें और घना धुआं आसपास के गांवों और शहर के कई हिस्सों से साफ दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग का रुख कुंवरपुर के कर्मपाट देव स्थल की ओर बढ़ता नजर आ रहा है, जिससे धार्मिक स्थल को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा संबंधित विभागों को दे दी गई है। हालांकि वन विभाग के टीम पहुंची है लेकिन आज पर बुझाने में सफलता नहीं पाई आज भी क्षेत्र में आग जल रहे हैं स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इस आगजनी से पर्यावरण, वन्य जीवों और क्षेत्र की तेंदूपत्ता कर जो की ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक रूप से मजबूत करता है उसे भी भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।



### आग से वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी खतरा

जंगल में लगी आग से न केवल सैकड़ों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं, बल्कि वहां के वन्य जीवों का जीवन भी संकट में पड़ गया है।जंगलों में आग लगने से स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र को गहरा आघात लगता है, जिसका असर वर्षों तक महसूस किया जा सकता है। हालांकि वन कर्मी वन्य जीव को सुरक्षित रखने के लिए आग लगे क्षेत्र से दूसरे ओर भगाने लगे है जिससे आग की चपेट मे आने से बच सके और सुरक्षित रहे।

#### महुआ पेड़ जंगल के अस्तित्व के लिए खतरनाक

ग्रामीणों को समृद्धि देने वाले महुआ के पेड़ ही अब जंगल के अस्तित्व के लिए खतरनाक साबित हो रहे है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण परिवार के साथ जंगल में महुआ बीनने पहुंच जाते है। महुआ बीनने में परेशानी न हो इसे लेकर ग्रामीण पेड़ के नीचे बिखरे पत्तों में आग लगा देते है जो जंगल में आग लगने की प्रमुख कारण है। पेड़ के नीचे पत्तों में लगाए गए आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लेता है और धीरे धीरे पूरे जंगल में फैल जाता है। वन अमला बुझाने की कोशिश करता है लेकिन आग के वृहद हो जाने से सफल नहीं हो पाते।

#### जल्द आग पर पा लेंगे काबू

आग बुझाने के लिए बिट के सभी कर्मचारी लगे हुए है, हालांकि आग बुझाने में अभी पूरी तरह सफलता नहीं मिली है। घने जंगल की ओर को क्लियर किया जा चुका है। जंगल में कांटेदार पौधे काफी घना है, पत्तियां भी सूखे पड़े है इसलिए आग तेजी से फैल रहा है। आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लेंगे।

-देवेंद्र राजवाड़े
बिट प्रभारी



## करौटी नर्सरी में लगी आग हजारों पौधे जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के करौटी स्थित वन नर्सरी में अचानक भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन आगजनी से हजारों छोटे-बड़े पौधे जलकर पूरी तरह खाक हो गए।

बताया जा रहा है कि यह पौधा प्लांट वन विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से तैयार कराया गया था, जहां पौधारोपण के लिए बड़ी संख्या में पौधे तैयार किए जा रहे थे। आग लगते ही देखते ही देखते पूरे प्लांट आग की चपेट में आ गया जिससे तैयार पौधे जकर तरह नष्ट हो गए। पौधा प्लांट खैरा-चोगा-कोल्हुआ मुख्य मार्ग के समीप बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया था। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते क्षेत्र में आग फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और सूखी घास के कारण आग तेजी से फैलती गई। घटना की सूचना पर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी और लाखों रुपये की वन संपदा जलकर नष्ट हो चुकी थी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि तेज गर्मी, सूखी वनस्पति या लापरवाही इसकी वजह हो सकती है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा वन विभाग को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जाए।

## आपूर्ति घटने से ड्राई हुए कई पेट्रोल पंप

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल एवं डीजल की किल्लत से जूझ रहे सरगुजा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने इस बड़ी समस्या के प्रति कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा ज्ञापन सौंप समस्या के निवारण हेतु हस्तक्षेप करने की मांग की है।

- ज्ञापन सौंप कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की मांग

पदाधिकारियों ने बताया कि सरगुजा में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति अत्यंत सीमित हो गई है तथा अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। यह समस्या दिनों दिन गहराते जा रही है। सरगुजा संभाग प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र है तथा खदानों में उत्पादित कोयले के परिवहन हेतु बड़ी संख्या में ट्रकों का उपयोग होता है। ट्रक कोयले को विद्युत उत्पादन संयंत्रों में पहुंचाते हैं। डीजल-पेट्रोल की कमी होने के कारण कोयला एवं विद्युत उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। कृषि क्षेत्र में भी सिंचाई के लिए डीजल का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण कृषि क्षेत्र पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। एसोसिएशन ने कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप करने एवं डीजल-पेट्रोल की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति के लिए पहल करने की मांग की है ताकि परिवहन एवं कृषि कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

## एसईसीएल बिश्रामपुर में धरा शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सहभागिता अभियान के अंतर्गत 'धरा शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन उन्नति क्लब में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कोल उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा उन्हें ऑपरेशनल एवं टेक्निकल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।




सीएमडी एसईसीएल हरीश दूहन के विजन के अनुरूप कंपनी मुख्यालय बिलासपुर द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता रानी (महाप्रबंधक, मा.सं./अधी.स्था., बिलासपुर) सहित सदस्य बीएमएस से संजय कुमार सिंह,एचएमएस से बजरंगी शाही एटक से श्रीमती रूबी कुमारी इंटक से संदीप कुमार राय, सीटू से सुश्री शोभना मिश्रा एवं श्रीमती अंकिता सीएमओएआई प्रतिनिधि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक ने अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की 10वीं उत्तीर्ण 37 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें से 20 महिलाओं ने ऑपरेशनल एवं टेक्निकल क्षेत्र में प्रशिक्षण लेने की सहमति जताई। उपस्थित जनों ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कंपनी के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस पहल से भविष्य में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों संजय कुमार शिंदे,अमरेंद्र नारायण, वी.सी. चतुर्वेदी, हरेंद्र तिवारी, विक्रम सिंह दहिया एवं संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

### बिजुरी में कांग्रेस नेता अजय का आत्मीय स्वागत

**बिजुरी।** भारतीय राष्टीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल बुधवार को अनूपपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इसी क्रम में वे बिजुरी नगर पहुंचे, जहां गौ संवर्धन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. व्हीपीएस चौहान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम कसकेला में सीसी रोड बनाने के बाद स्थापित बिजली पोल नहीं हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विकासखंड सूरजपुर के ग्राम पंचायत कसकेला में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत बनाई गई सीसी सड़क अब ग्रामीणों के लिए खतरे का रास्ता बन चुकी है।

अवरापारा देवालय से लेकर टिंबर घर तक एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में इस सड़क का निर्माण वर्ष 2025 में नाबार्ड की सहायता से स्वीकृत हुआ था। उद्देश्य साफ था कि गांव के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा देना, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय उदासीनता ने इस उद्देश्य को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त निर्माण कार्य के दौरान सबसे बड़ी चूक यह हुई कि सड़क के बीचों-बीच लगे बिजली पोल को हटाने या शिफ्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे आज यह पोल सड़क के बीच खड़ा होकर राहगीरों के लिए जानलेवा बाधा बन गया है। दिन में तो किसी तरह लोग बच-बचाकर निकल जाते हैं, लेकिन जैसे ही अंधेरा होता है, यह पोल दिखाई देना मुश्किल हो जाता है और हादसे का खतरा कई गुना



बढ़ जाता है।दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मवेशियों के साथ चलने वाले ग्रामीण हर दिन इस खतरे से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण शुरू होने से पहले ही उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को आगाह किया था कि सड़क के बीच खड़े पोल को हटाकर ही काम शुरू किया जाए। लेकिन जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और जल्दबाजी में निर्माण पूरा कर दिया। आज वही लापरवाही ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। कई बार लोग इस पोल से टकराते-टकराते बचे हैं, जिससे गांव में भय का माहौल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत किए जा रहे इस निर्माण कार्य में इतनी बड़ी खामी का सामने आना विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

## चार माह बाद भी किसानों एवं मजदूरों का नहीं हुआ भुगतान, 27 को करेंगे शक्कर कारखाना का घेराव

**प्रतापपुर।** गन्ना किसानों और मजदूरों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। विगत चार माह से भुगतान लंबित होने के कारण आक्रोशित किसानों और श्रमिकों ने 27 अप्रैल को मां महामाया शक्कर कारखाना का घेराव और तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार आयाम के नेतृत्व में किसानों एवं मजदूर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।



कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों और कारखाने में कार्यरत मजदूरों को पिछले चार महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के भरण-पोषण से लेकर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों तक का संकट गहराता जा रहा है। इस संबंध में 8 अप्रैल को पहले ही शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की गई थी। किसानों ने यह भी मांग रखी थी कि कारखाने में गन्ना किसानों द्वारा मनोनीत अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से हो सके। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों और मजदूरों में भारी असंतोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। कई किसानों ने अपनी फसल उधार लेकर तैयार की थी, लेकिन भुगतान नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। वहीं मजदूरों की स्थिति भी बेहद खराब हो चुकी है, जिनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। किसान एवं मजदूरों ने जल्द भुगतान किए जाने की मांग की है। साथ ही भुगतान नहीं होने पर 27 अप्रैल को शक्कर कारखाना का घेराव कर तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौपने के दौरान नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मासूम इराकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के समर्पण से ही होगा शिक्षा का सशक्त निर्माण : लक्ष्मी राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता होते हैं और उनके समर्पण से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा ही वह आधारशिला है, जिस पर किसी भी सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण होता हैऔर इस आधारशिला को मजबूती प्रदान करने का कार्य शिक्षकों के कंधों पर है।



मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार नवाचार एवं लगन के साथ कार्य करते रहें, ताकि बच्चों का शैक्षणिक स्तर निरंतर ऊंचाइयों को छू सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मंत्री ने सम्मानित हुए समस्त शिक्षकों से कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के उत्साह एवं मनोबल को बढ़ाकर उन्हें और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में कार्यरत शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद भी उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बच्चों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा, अनुशासन एवं जीवन कौशल से भी जोड़ें, ताकि वे एक बेहतर एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के सतत प्रयासों एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। जिले में नवाचार, नियमित मूल्यांकन एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुरली मनोहर सोनी, अजय गोयल, राजेश यादव, दीपेंद्र सिंह चौहान, हरिश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, कैलाश सिदार, रवि शंकर बउवा, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, मनी बग्गा, सत्यनारायण जायसवाल, श्यामू साहू, श्रीमती अनीता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम तिरंग कोरकोटपारा निवासी दुहन राम आ. राम सिंह (46 वर्ष) 19 अप्रैल को परिजन पड़ोस में हो रहे शादी में शामिल होने गए थे। इसी दौरान ग्रामीण अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन दुहन को बतौली अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# युवक को जिंदा जलाने के मामले का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पस्ता थाना क्षेत्र में एक युवक को जिंदा जलाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है।मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अनिश मिंज (22 वर्ष), निवासी डीपाडीहखुर्द थाना शंकरगढ़, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज है।घटना में मृतक करण बेक (20 वर्ष), निवासी डीपाडीहखुर्द बताया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते करण बेक पर तारपीन तेल डालकर लाइटर से आग लगा दी थी। घटना के बाद घायल करण बेक को पहले डुमरखोला में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रायपुर स्थित डी.के.एस. अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच, मरणासन्न कथन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के



खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया। जांच के दौरान आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जन्मेजय पाण्डेय सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## जवान के सीक्वल में नजर आएंगे शाहरुख, स्क्रिप्टिंग का काम पूरा

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म 'किंग' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है। इसी बीच खबर है कि 'किंग'के बाद वह अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के सीक्वल यानी 'जवान 2' पर काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है। और मेकर्स इसे आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले भी 'जवान 2' को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर की तरफ से भी कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया गया था। शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को रिलीज होगी।

लाइफ Style

# सारा

## धुरंधर 2 की यलीना अब बनेंगी मधुबाला

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस मानी जाने वालीं मधुबाला की बायोपिक की चर्चा कई साल से हो रही है। इसके लिए कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए, पर किसी पर भी मुहर नहीं लगी। अब इसके लिए 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। यानी उनकी लॉटरी लग गई है।

कहा जा रहा है कि वह मधुबाला पर बन रही बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगी। उनका नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए कन्फर्म है। इस बायोपिक को जसमीत के रीन डायरेक्ट करेंगी, जबकि संजय लीला भंसाली प्रोड्यूसर हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी। धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद इसे सारा अर्जुन के कॅरियर की अहम फिल्म माना जा रहा है, जो उनके कॅरियर को एक नई दिशा देगी। सारा अर्जुन वैसे तो बचपन से फिल्मों में काम कर रही हैं, पर धुरंधर ने उन्हें रातोंरात जबरदस्त स्टारडम दिलाया है। मधुबाला की बायोपिक की बात करें, तो यह कई साल से अटकी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बजट की कमी के कारण इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में यह ट्रैक पर लौट आई। अहम मोड़ तब आया जब संजय लीला भंसाली बतौर प्रोड्यूसर मधुबाला की बायोपिक से जुड़े। वहीं ,जसमीत के रीन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने विजय वर्मा और आलिया भट्ट स्टारर 'डार्लिंग्स' डायरेक्ट की थी। बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन ने मधुबाला की खूबसूरती, गरिमा और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को हूबहू उतारने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है।




हॉलीवुड मसाला



## गर्लफ्रेंड संग सैर करते दिखे

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर हैरी स्टाइल्स और अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस जोई क्राविट्स की सगाई की खबरें तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गईं। क्या सच में हैरी और जोई ने सगाई की है? कुछ दिन पहले हैरी स्टाइल्स अपनी गर्लफ्रेंड जोई क्राविट्ज के साथ लंदन में सैर करते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो को गौर से देखने पर फैंस को पता चला कि जोई ने एक अंगूठी पहनी है। यह अंगूठी उस फिंगर में थी सिसमें सगाई की अंगूठी पहनी जाती है।



## रेसलर हल्क की डॉक्यूमेंट्री में सामने आया दर्दनाक सच

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग लीजेंड हल्क होगन की डॉक्यूमेंट्री रिलीज हुई है। हाल ही में उन्होंने अपनी इस डॉक्यूमेंट्री पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था जब वे सुसाइड करने वाले थे। रेसलिंग की दुनिया के दिग्गज हल्क होगन की जिंदगी का एक बेहद इमोशनल और मुश्किल दौर अब सामने आया है। उनकी नई डॉक्यूमेंट्री 'हल्क होगनः रियल अमेरिकन' में उन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में खुलकर बात की है। हल्क होगनः रियल अमेरिकन की इस 4-एपिसोड की सीरीज में हल्क होगन का आखिरी इंटरव्यू भी दिखाया गया है, जो उनके जुलाई 2025 में 71 साल की उम्र में निधन से पहले लिया गया था। इसमें उन्होंने बताया कि अपनी शादी टूटने के दौरान वह इतने टूट गए थे कि उन्होंने सुसाइड तक के बारे में सोचा था।



## पैपराजी से बात करना अच्छा लगता है

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पिट सियापा' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में सोनम प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही एक बातचीत में सोनम ने कहा कि जब पैपराजी उनसे फोटो के लिए कहते हैं, तो समझ ही नहीं आता कि कैसे रिएक्ट करें। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं जोर से हंसती हूं। मुझे नहीं पता कि पैपराजी के सामने क्या करना है। वे सैलून के बाहर भी इंतजार कर रहे होते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। लेकिन मुझे बहुत शर्म आती है, मुझे नहीं पता कि अगर मैं अभी-अभी सैलून से निकली हूं तो उनके सामने कैसे पोज दूं। मुझे लगता है कि लोग सोचेंगे, यह पैपराजी के सामने क्यों हंसती रहती है? मुझे उनसे बात करने में बहुत मजा आता है। मुझे उनसे कभी-कभार मिलना अच्छा लगता है।




## गवर्नरः द साइलेंट का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** गुरुवार को मनोज बाजपेयी ने अपना 57वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'गवर्नरः द साइलेंट सेवियर' का फर्स्ट लुक सामने आया है। फिल्म को विपुल अमृतलाल शाह प्रोड्यूस करेंगे। जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। विपुल शाह द्वारा रिलीज किए गए फिल्म 'गवर्नर' के पोस्टर में काफी सस्पेंस नजर आ रहा है। पहले पोस्टर में एक हरी कुर्सी दिख रही है। जो किसी मंत्रालय या अधिकारिक ऑफिस की लग रही है। इस पोस्टर में फिल्म की कहानी या किरदारों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है। इसके साथ ही एक लाइन लिखी हुई है। 'ये सिर्फ कुर्सी नहीं.. जिम्मेदारी है।' वहीं फिल्म के दूसरे पोस्टर में मनोज बाजपेयी पीछे से नजर आ रहे हैं। वो फॉर्मल ड्रेस में हैं।

टीवी मसाला



## सपने वर्सेस एवरीवन-2 का ट्रेलर रिलीज दोगुना हुआ किरदारों का संघर्ष

**नई दिल्ली।** सपने वर्सेस एवरीवन 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लगभग 4 साल पहले एक सीरीज सपने वर्सेस एवरीवन रिलीज हुई थी। इस सीरीज में दो ऐसे लोगों की कहानी थी जो समाज के दोगले रवैया का शिकार हैं, इसके बावजूद वह अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। दूसरे सीजन में भी इस सीरीज के किरदारों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, यह दोगुना हो चुका है। क्या इस बार उन्हें अपनी मंजिल मिलेगी? या फिर उनके सपने टूट जाएंगे? 'सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में कहानी को लेकर काफी अंदाजा दर्शकों को सकता है। सपने वर्सेस एवरीवन 2 के ट्रेलर में सीरीज के दोनों मुख्य किरदार अपने सपनों को पूरा करने के सफर पर निकलते हैं। लेकिन, सपने कहां आसानी से पूरे होते हैं, इनके सपने अब नई मुश्किलें हैं। क्या यह मुश्किलें इन्हें तोड़ देंगी, मौत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर देंगी? इन सब सवालों के जवाब सीरीज के रिलीज होने के बाद पता चलेगा। सीरीज 'सपने वर्सेस एवरीवन 2' अगले महीने रिलीज होगी। यह सीरीज 1 मई से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगी। इस सीरीज में पहले सीजन के कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। अंबरीश वर्मा, पमरवीर चीमा, विजयंत कोहली दूसरे सीजन में भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### तुलसी का राज बरकरार, अनुपमा फिर पीछे

**नई दिल्ली।** पिछले कई हफ्तों से टीआरपी लिस्ट में स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पहले नंबर पर कब्जा जमाए बैठा है। 15वें हफ्ते में भी पहले नंबर पर यही सीरियल है। दूसरे नंबर पर वसुधा सीरियल को जगह मिली है, इसकी टीआरपी 15वें हफ्ते में 1.8 है। जबकि 14वें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी 1.9 थी और ये तब भी दूसरे नबंर पर था। वहीं, 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है का नाम शामिल है। इसे 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में यह सीरियल टॉप 5 में शामिल नहीं था। रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की बात करें तो वह 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। 'अनुपमा' सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। 14वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। ऐसे में देखा जाए तो नए हफ्ते में इसकी टीआरपी बढ़ी है। 15वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पांचवें नंबर पर सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'है। 14वें हफ्ते में भी यह सीरियल इसी पोजिशन पर था। दोनों ही हफ्तों में इसकी टीआरपी 1.7 की रही है।



## बीआर से बोले थे महबूब - मत बनाओ तांगे वाले की फिल्म, लुट जाओगे...

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के यादगार फिल्म निर्माताओं की बात करें तो वह लिस्ट बीआर चोपड़ा के बिना अधूरी होगी। बलदेव राज चोपड़ा, यानी बीआर चोपड़ा साहब ने अपने कॅरियर में कई यादगार फिल्में दीं, लेकिन उनकी 1957 में रिलीज फिल्म 'नया दौर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी चर्चा में रहता है। यह वही फिल्म है, जिसकी कहानी शुरुआत में कई बड़े फिल्मकारों को पसंद नहीं आई थी, जिनमें मशहूर निर्देशक महबूब खान भी शामिल थे। बीआर चोपड़ा का इंडस्ट्री में योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने नई दिशा देने के साथ ही गंभीर विषयों पर आधारित कहानियों से दर्शकों तक पहुंचाया। साल 1998 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के अवार्ड, से सम्मानित किया गया।*



### एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी की कहानी

बीआर चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'नया दौर' की कहानी उन्हें उनके दोस्त और लेखक एफ.ए. मिर्जा ने सुनाई थी। यह कहानी इंसान और मशीनों के बीच संघर्ष पर आधारित थी, जिसमें एक तांगा चलाने वाले की जिंदगी को केंद्र में रखा गया था। उस दौर में यह विषय काफी अलग और जोखिम भरा माना जाता था।

### कई फिल्ममेकर्स ने कहानी को कर दिया खारिज

दिलचस्प बात यह है कि इस कहानी को पहले कई नामी फिल्ममेकर्स को सुनाया गया, लेकिन सभी ने इसे खारिज कर दिया। किसी ने इसे डॉक्यूमेंट्री जैसा बताया, तो किसी ने बकवास कहकर नकार दिया। यहां तक कि महबूब खान ने भी इस कहानी को पसंद नहीं किया और इसे तांगे वाले की कहानी कहकर नजरअंदाज कर दिया। इसके बावजूद बीआर चोपड़ा को इस कहानी में दम नजर आया। उन्होंने तय किया कि वह इस पर फिल्म जरूर बनाएंगे।

***कहानी और मैसेज के कारण खास पहचान बनाई :*** फिल्म रिलीज होने के बाद जो हुआ, वह इतिहास बन गया। 'नया दौर' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट साबित हुई और सिनेमाघरों में लंबे समय तक चली। फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया और अपनी कहानी और मैसेज के कारण खास पहचान बनाई। फिल्म की सफलता के बाद जब इसकी सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी, तब महबूब खान ने बीआर चोपड़ा को फोन कर कहा, 'चीफ गेस्ट के तौर पर किसे बुला रहे हो?' फिर कहा, 'मैं ही चीफ गेस्ट के रूप में आ जाता हूं।'

## श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचे विवेक और शमिता, लिया आशीर्वाद



**मुंबई।** अभिनेता विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के दर्शन किए। दोनों सितारों ने पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में घूमते हुए भगवान श्री वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। शमिता शेट्टी गुलाबी रंग की साड़ी में मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। वहीं, विवेक ओबेरॉय भी पारंपरिक वेशभूषा में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने मंदिर गए। सफेद धोती के साथ उन्होंने लाल रंग का अंग वस्त्र धारण किया। मंदिर परिसर में विवेक ओबेरॉय और शमिता शेट्टी ने तस्वीरें क्लिक कराईं। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में विवेक के किरदार का एक नया लुक जारी किया था। इसमें विवेक गहरे रंग का चोगा पहने, आंखों पर धूप का चश्मा लगाए और हाथ में तलवार लिए दिखे। उनका लुक फैंस को बहुत रहस्यमयी और दमदार लगा। इस फिल्म में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आएंगी।

### खूब सुना जाता है ये पुराना गीत, दिल को देता है सुकून

# 48 साल बाद भी कल्ट बना हुआ किशोर और लता का गाना

### यादगार गीत

हिंदी सिनेमा के उम्दा गायकों के तौर पर किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपनी पहचान बनाई थी। दोनों के निधन के बाद भी इनके गानों को आज भी श्रोता खूब सुनते हैं। इस बीच हम आपको लता दीदी और किशोर दा के जिस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे 1978 में आई फिल्म डॉन के लिए इन दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान पर फिल्माए गए उस सॉन्ग का नाम- जिसका मुझे था इंतजार... था।

### आशा ने गाया था ये गाना

किशोर कुमार और लता मंगेशकर अलावा डॉन फिल्म का एक गाना आशा भोसले ने भी गाया था। वह गीत ये मेरा दिल यार का दीवाना... था, जिसे आशा ताई ने अपनी मधुर आवाज दी थी।

*नई दिल्ली। सुरों के सरताज किशोर कुमार और सुरों की कोकिला लता मंगेशकर हिंदी सिनेमा के दो दिग्गज गायक हुआ करते थे। अपने-अपने गायिकी के करियर में इन दोनों ने कई शानदार नगमों को मधुर आवाज के जरिए अमर किया, जिन्हें श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर आज हम आपको किशोर दा और लता दीदी के एक यादगार गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 48 साल पहले दोनों ने एक साथ मिलकर गाया था। 7 मिनट लंबा वह गीत आज भी लोगों की जुबान पर आसानी से आ जाता है।*



### बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग

48 साल पुराना किशोर कुमार और लता मंगेशकर का ये गाना आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गीत के संगीतकार कल्याण जी और आनंद जी की जोड़ी थी, जबकि गीतकार की जिम्मेदारी अनजान जी ने निभाई थी और इस तरह जाकर डॉन का ये आइकॉनिक सॉन्ग बनकर तैयार हुआ। लता मंगेशकर नहीं, लेकिन किशोर कुमार अमिताभ की डॉन के अधिकतर गानों को अपनी आवाज दी थी, जिनमें ये गाने शामिल रहे- ये है बंबई नगरिया..., खाइके पान बनारस वाला...,अरे दीवानों मुझे पहचानो...।

## खबर संक्षेप

### उप चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियमों के प्रावधानों तथा राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद उप निर्वाचन 2026 के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त तहसीलदार नेहा उपाध्याय को रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे एवं नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र बहादुर सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### आंबा सहायिका पद के लिए 8 मई तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र दिनदयाल कालोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमान नगर वार्ड क्रमांक 26 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन कर सकती है।

### सड़क दुर्घटना के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा मृतक के निकटतम वारिसान को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रकरणों की जांच एवं तहसीलदार की अनुशंसा के उपरांत पात्रता के आधार पर मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। 2 नवम्बर 2025 को सड़क दुर्घटना में तहसील पुसौर के ग्राम दर्रामुड़ा निवासी मोहन लाल केंवट की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। यह आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### रात्रिकालीन जन चौपाल में सुना ग्रामीणों की समस्या

**सारंगढ़।** भटगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचोली में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में बुधवार को रात्रिकालीन जनचौपाल आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के सामने रखीं। चौपाल में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों ने पानी लीकेज की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## पेज 1 का शेष

### सड़क सुरक्षा जागरूकता ...

संगीता सुदर्शन सिंह, टीआई विनीत पांडे, टीआई अशोक शर्मा, सरपंच शशिकांता, विजय त्रिपाठी और पत्थलगांव के पत्रकार सहित समस्त पुलिसकर्मी, यातायात कर्मी, शासकीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए मैरिज गार्डन पहुंचकर समाप्त हुई। यहां नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सुदर्शन सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि, सिर सलामत रहे तो जीवन है, इसलिए हेलमेट केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि ठीक से बांधकर पहनें। नशे की हालत में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रहा है। उन्होंने बताया कि, जशपुर जिले में वर्ष 2025 में 79 तथा 2026 में अब तक 82 लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। वहीं इस वर्ष मात्र साढ़े तीन महीने में ही 29 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो चुकी है, जिनमें कई मामलों में नशे की स्थिति प्रमुख कारण रही है। एसएसपी ने लोगों को राजवीर योजना की भी जानकारी दी और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रवीण गर्ग एवं एसडीओपी डॉ ध्रुवेश जायसवाल ने किया। नगरवासियों ने इस ऐतिहासिक बाइक रैली की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा के प्रति एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर सख्त, जिला स्तरीय समिति की बैठक

# मनरेगा के कार्यों का अब होगा भौतिक सत्यापन, चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- 30 मई तक सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश, नरेगा सॉफ्ट पर डेटा शुद्धिकरण पर विशेष

जिले में विकास कार्यों की गति को तेज करने और मनरेगा के तहत लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में एक समयबद्ध विशेष अभियान चलाकर लंबित कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नए कार्यों की स्वीकृति देने से पहले पुराने और वर्तमान में चल रहे कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। जिन कार्यों का भौतिक रूप से निर्माण पूरा हो चुका है, उनके दस्तावेजीकरण और वित्तीय औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कर सॉफ्टवेयर में अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी हालिया एडवाइजरी के परिप्रेक्ष्य में जिले में लंबित कार्यों की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि नरेगा सॉफ्ट पोर्टल पर पूर्व वर्षों के जो कार्य लंबित या अपूर्ण दर्ज हैं, उनका यथोचित परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उन्हें क्लोज या एक्सटेंड किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 30 मई तक हर हाल में इन कार्यों को पूर्ण किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।



बैठक लेते कलेक्टर।

### विशेष समिति कर रही है आंकड़ों का शुद्धिकरण

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी विकसित भारत ग्राम एवं आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन से पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में जिला पंचायत द्वारा गठित विशेष समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जो कार्यों के क्लोजर एवं एक्सटेंशन से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय ले रही है।

### ग्राम सभाओं की भागीदारी होगी सुनिश्चित

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यों के सत्यापन और समापन की प्रक्रिया में जनभागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।



# जिला भाजपा युवा मोर्चा का संगठन विस्तार

## जिला व मंडल स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला जशपुर में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से व्यापक विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने जिला, मंडल एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की विस्तृत सूची जारी की है। यह नियुक्तियां प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं जिला अध्यक्ष भाजपा भरत सिंह कि सहमति से की गई हैं।

संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और युवाओं को अधिकाधिक जिम्मेदारी देने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति के पश्चात सर्वप्रथम जिला कार्य समिति के सदस्य मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय का आशीर्वाद लेने पहुंचे, उन्होंने युवा मोर्चा जिला टीम के पदाधिकारी को पार्टी का गमछा पहनकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं मजबूती से संगठन का कार्य करने के निर्देश दिए।

### इन्हें दी गई नियुक्तियां

जिला मीडिया प्रभारी दीपक हेडा, बॉबी ताम्रकार, सह मीडिया प्रभारी राजन ताम्रकार नियुक्त किए गए। जिला उपाध्यक्ष के रूप में नमित सिंह, नितेश पारीक, जय शंकर यादव, अजय गुप्ता एवं दीपक चौहान को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पद पर खीरोज सिंह, राजेश कुमार यादव, ऋतिक जैन, गुलशन पांडेय एवं अंशु जैन को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष मयंक सहाय एवं सह-कोषाध्यक्ष संजय सिंह बनाए गए हैं। प्रचार-प्रसार प्रमुख पंकज गुप्ता तथा सह-प्रमुख अभिषेक अग्रवाल होंगे। कार्यालय प्रभारी सौरभ रवानी एवं सह-प्रभारी संतोष यादव बनाए गए हैं। सोशल मीडिया की जिम्मेदारी करुणा यादव, सरोज आपट, मृणाल पाठक एवं अरुण यादव को सौंपी गई है। प्रशिक्षण प्रमुख राहुल गुप्ता, अटल बिहारी साय, सत्यम नाग एवं जगदीश यादव होंगे। शासकीय स्वास्थ्य मंडल में सौरभ वत्स, संदीप सोनी, आकाश पारीक एवं कृष्णा गुप्ता शामिल हैं। कन्या शक्ति संयोजक के रूप में कंचन बैरागी, प्रतिमा भगत एवं सलमी निकुंज को नियुक्त किया गया है।

### ये हैं विशेष आमंत्रित सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्यों में विष्णुदेव साय, राधेश्याम राठिया, गोमती साय, रायमुनी भगत, रणविजय प्रताप सिंह जूदेव, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रियंवदा सिंह जूदेव, संयोगिता सिंह जूदेव सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि, युवा मोर्चा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, युवाओं के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### मंडल स्तर पर इनकी नियुक्तियां

जशपुर शहर में दीपक दीपू मिश्रा को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि जशपुर ग्रामीण में दामोदर साय अध्यक्ष एवं प्रदीप सिंह महामंत्री होंगे। मनोरा में वासुदेव राम अध्यक्ष और अरविंद सिंह महामंत्री बनाए गए हैं। सन्ना में निशांत प्रधान अध्यक्ष तथा प्रतीक सिंह और राम स्वराथ यादव महामंत्री नियुक्त हुए हैं। सोनक्यारी में परिंदा गुप्ता अध्यक्ष एवं राजेश कुमार भगत महामंत्री बनाए गए हैं। पंडरापाठ में अध्यक्ष एवं नंद कुमार यादव और आनंद यादव को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। बगीचा में शुभम जिंदल अध्यक्ष तथा उदित चौहान और विवेक गुप्ता महामंत्री होंगे। कुनकुरी शहर में रंजीत सोनी अध्यक्ष एवं आकाश बाजपेयी महामंत्री, जबकि कुनकुरी ग्रामीण में सुरजीत सिंह अध्यक्ष तथा अरुण साहू और श्रीराम मयंक चौहान महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। तपकरा में आदेश जायसवाल अध्यक्ष एवं सत्यम सिंह महामंत्री होंगे। दुलदुला में रोहित गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। पंडरीपानी में गजेंद्र चक्रेश अध्यक्ष एवं राकेश सिंह महामंत्री नियुक्त हुए हैं। पत्थलगांव शहर में रामकिशुन यादव तथा ग्रामीण में करेस तिग्गा अध्यक्ष बनाए गए हैं। कांसाबेल में अरविंद स्वर्णकार, महादेवडांड में नरेंद्र प्रजापति अध्यक्ष तथा धनश्याम यादव और विनोद राम महामंत्री होंगे। दोकड़ा में रामविलास राम, कोतबा में दीपक शर्मा एवं बागबहार में प्रीतम शर्मा अध्यक्ष बनाए गए हैं। लुड़ेग-तमता में सुनील शर्मा अध्यक्ष तथा किशोर यादव एवं गणेश यादव महामंत्री नियुक्त किए गए हैं।

# सरसींवा-सरायपाली सड़क निर्माण में अवैध कब्जा, चला बुलडोजर




सारंगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने निर्माणाधीन सरसीवा सराईपाली सड़क पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं और कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। सड़क चौड़ीकरण में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा तत्काल बुलडोजर चलाकर हटाया गया जिससे सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

कलेक्टर ने विद्युत खम्भो को शिफ्ट करने और अनुमति प्राप्त पेड़ को काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने नगर पंचायत के सीएमओए जनप्रतिनिधियों और तहसीलदार को समन्वय बनाकर शीघ्रता से सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा करने को कहा ताकि आम लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

# नेशनल लोक अदालत 9 को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई दिन शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर, जिला जशपुर में किया जाएगा।

माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर की अध्यक्षता में 9 मई 2026 को होने वाले आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय जशपुर एवं अधीनस्थ न्यायालयों के मध्य 24 अप्रैल को जिला न्यायालय के विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल व वर्चुवल के माध्यम से बैठक संपन्न हुई। उक्त फिजिकल व वर्चुवल बैठक में संतोष कुमार तिवारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पत्थलगांव, भानू प्रताप सिंह त्यागी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी, जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी) जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी, अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी बगीचा, जिला जशपुर, श्वेता अवस्थी, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी पत्थलगांव, दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी जशपुर, चौताली खांडेकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ प्रथम श्रेणी, पूनम नशीने न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ द्वितीय श्रेणी एवं नेहा तिर्की, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ तृतीय श्रेणी जशपुर, उपस्थित रहे। राजस्व न्यायालयों में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा राजस्व मामलें भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जावेगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा एवं तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते हैं।

# 129 पशुपालकों के 549 पशुओं का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**खास बात**

- ग्राम रजौटी, कलिबा व कुरकुंगा में पशुओं की जांच, बैक्टीरियल रोग निगेटिव

जिले में एक सप्ताह के भीतर 5 पशुओं की मौत एवं कई मवेशियों के बीमार होने की शिकायत मिलने के संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु चिकित्सा विभाग जशपुर की टीम के द्वारा 17 अप्रैल को ग्राम रजौटी, कलिबा एवं कुरकुंगा का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया। गठित जांच दल ने पशुपालकों से मुलाकात कर बीमार पशुओं की जानकारी एकत्र की तथा प्रभावित ग्रामों से रक्त पट्टी के नमूने लेकर जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, जशपुर में परीक्षण कराया गया।

जांच में बैक्टीरियल रोग की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। इसके अलावा राज्य स्तरीय पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला में भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट भी नेगेटिव प्राप्त हुई है। अब अतिरिक्त पुष्टि के लिए रक्त नमूने RTPCR जांच हेतु WRDDL Pune भेजे जा रहे हैं। टीम द्वारा बीमार पशुओं का लगातार उपचार किया गया, जिससे ग्राम रजौटी के 01 एवं कलिबा के 01 प्रभावित पशु अब स्वस्थ हो चुके हैं। साथ ही सभी प्रभावित गांवों में रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 129 पशुपालकों के 549 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है, जिसमें हाल ही में 73 पशुपालकों के 450 पशु शामिल हैं। पशुपालकों को जागरूक करते हुए बताया गया है कि पशुओं में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय, औषधालय या मोबाइल वेटनरी यूनिट के टोल-फ्री नंबर 1962 पर सूचना दें। वर्तमान में ग्राम पंचायत कलिबा एवं रजौटी में किसी भी पशु के बीमार होने की सूचना नहीं है। संबंधित सरपंचों द्वारा भी प्रमाणित किया गया है कि सभी पशु स्वस्थ हैं और टीकाकरण कार्य किया गया है। उप संचालक ने बताया कि बीमार पशुधन चिकित्सा उपरांत स्वस्थ हैं, पिछले तीन दिनों में किसी भी पशु की मृत्यु की सूचना नहीं मिली है तथा स्थिति नियंत्रण में है।







### कलेक्टर ने कुष्ठ दूर करने की प्रोजेक्ट की शुरुआत

**सारंगढ़।** कुष्ठ मुक्त जिला करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के हाथों लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडिया द्वारा मिशन ट्रांसमिशन फ्री प्रोजेक्ट का लॉन्च किया गया। यह राष्ट्रीय मिशन कुष्ठ प्रभावित गढ़चिरोली महाराष्ट्र और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला और ब्लॉक स्तर के आला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि कुष्ठ रोग की रोकथाम के लिए सर्वे से मरीजों को चिन्हित करना अनिवार्य है। इस कार्य में सर्वे टीम को मितानिन और स्व सहायता समूह की महिलाएं सहयोग करेंगी। घर घर जाकर मरीजों को इस रोग की जानकारी और लक्षण के बारे में बताएँगे।

# कुनकुरी में गौमाता के सम्मान में सौंपा जाएगा ज्ञापन

## 27 को एकत्रित होगा विशाल जनसमूह, रखी जाएंगी मांगें, एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

'गौ सम्मान आह्वान' अभियान के तहत 27 अप्रैल को कुनकुरी में बड़ी संख्या में गौ प्रेमी, संत एवं आम नागरिक एकत्रित होकर गौमाता के सम्मान में एसडीएम कुनकुरी को ज्ञापन सौंपेंगे।

यह कार्यक्रम तहसील मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा, जहां शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाएंगे। गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने हेतु जन जागरण अभियान जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि, इस पहल का उद्देश्य गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। इसके लिए देशभर में एक साथ जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। कुनकुरी में भी इस दिन बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।



### आयोजन शांतिपूर्ण और अहिंसक

आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और अहिंसक रहेगा। इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक मंच या भाषण नहीं होगा, बल्कि गो प्रेमीजन सामूहिक रूप से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाएंगे। अधिकाधिक लोगों से जुड़ने की अपील अभियान से जुड़े लोगों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि, वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाएं और गौ सेवा के इस प्रयास में अपनी भागीदारी निभाएं।

### ये है मुख्य मांगों में ये शामिल

ज्ञापन के माध्यम से सरकार से प्रमुख रूप से मांग की जाएगी कि, देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिले। गौ सेवा के लिए सख्त कानून और प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए। अहिंसक रहेगा पूरा कार्यक्रम।

### बिलाईगढ़ महाविद्यालय में ज्ञान भारतम मिशन पर विशेष गोष्ठी

**रायगढ़।** आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर सारंगढ़ के निर्देशों के परिपालन में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में 23 अप्रैल को ज्ञान भारतम् मिशन के संबंध में विशेष जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में प्रथम कला संकाय के कक्ष क्रमांक 03 में अपरान्ह 01 से 2 बजे तक तथा द्वितीय विज्ञान संकाय के कक्ष क्रमांक 21 में अपरान्ह 3 से 04 बजे तक संपन्न हुआ।

# कनक ने सीबीएसई के 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.8 प्रतिशत हासिल किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लुड़ेग निवासी सपना मित्तल व अंकित मित्तल की पुत्री कनक मित्तल ने डीएवी स्कूल में 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कनक शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। वे अग्रवाल सभा लुड़ेग के सचिव सुभाष अग्रवाल की पौत्री हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार, रिश्तेदार एवं परिचितों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। कनक अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि सफलता के लिए नीति पढ़ाई एवं अनुशासन बेहद आवश्यक है और यही सफलता का मूल मंत्र है।

